बजरंग बाण

दोहा

निश्चय प्रेम प्रतीति ते, विनय करें सनमान |

तेहि के कारज सकल शुभ, सिद्ध करें हनुमान ||

चौपाई

जय हनुमंत संत हितकारी, सुन लीजै प्रभु अरज हमारी |

जन के काज विलम्ब न कीजे, आतुर दौरि महासुख दीजै |

जैसे कूदि सिंधु बही पारा, सुरसा बदन पैठि बिस्तारा |

आगे जाइ लंकिनी रोका, मारेहु लात गई सुर लोका |

जाये विभीषण को सुख दीन्हा, सीता निरखि परम पद लीन्हा |

बाग़ उजारि सिंधु मह बोरा, अति आतुर यम कातर तोरा |

अक्षय कुमार को मारि संहारा, लूम लपेटि लंक को जारा |

लाह समान लंक जरि गई, जय जय धुनि सुर पुर मह भई |

अब बिलम्ब केहि कारण स्वामी, कृपा करहु उर अंतर्यामी |

जय जय लक्ष्मण प्राण के दाता, आतुर होइ दु:ख करहुँ निपाता |

जय गिरिधर जय जय सुख सागर, सुरसमूह समरथ भटनागर |

ॐ हनु हनु हनु हनुमंत हठीले, बैरहि मारु बज्र की कीले |

गदा बज्र लै बैरहि मारो, महाराज प्रभु दास उबारो |

ॐ कार हुंकार महावीर धावो, बज्र गदा हाउ विलम्ब न लावो |

ॐ ह्रीं ह्रीं हनुमंत कपीसा, ॐ हूं हूं हूं हनु अरिउर शीशा |

सत्य होउ हरि सपथ पायके, रामदूत धरु मारु धाय के |

जय जय जय हनुमंत अगाधा, दुःख पावत जन केहि अपराधा |

पूजा जप तप नेम अचारा, नहि जानत कछु दास तुम्हारा |

बन उपवन मग गिरि गृह माही, तुमरे बल हम डरपत नाही |

पाय परों कर जोरि मानवो, यह अवसर अब केहि गेहरावो |

जय अंजनि कुमार बलवंता, शंकर सुवन धीर हनुमंता |

बदन कराल काल कुल घालक, राम सहाय सदा प्रति पालक |

भूत प्रेत पिसाच निशाचर, अग्नि बैताल काल मारीमर |

इन्हे मारुं तोहि सपथ राम की, राख नाथ मर्यादा नाम की |

जनक सुता हरि दास कहावो, ताकि शपथ बिलम्ब न लावो |

जय जय जय धुनि होत अकाशा, सुमिरत होत दुःसह दुःख नाशा |

चरण शरण करि जोरि मानवो, यही अवसर अब केहि गोहरावौं |

उठु उठु चलु तोहि राम दोहाई, पाँय परों कर जोरि मनाई |

ॐ चं चं चं चंपल चलन्ता, ॐ हनु हनु हनु हनु हनुमंता |

ॐ हं हं हाँक देत कपि चंचल। ॐ सं सं सहम पराने खल दल |

अपने जन को तुरत उबारो, सुमिरत होय आनंद हमारो |

यहि बजरंग बाण जेहि मारे, ताहि कहो फिरी कौन उबारो |

पाठ करें बजरंग बाण की, हनुमत रक्षा करें प्राण की |

यह बजरंग बाण जो जापै, तेहिते भूत प्रेत सब कापें |

धुप देय अरु जपे हमेशा, ताके तन नहि रहें कलेशा |

दोहा

प्रेम प्रतीतिहि कपि भजे, सदा धरें उर धयान |

तेहि के कारज सकल शुभ, सिद्धि करें हनुमान |

|| इति श्री बजरंग बाण समाप्त ||